लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.......पंजाब केसरी.......
दिनांक....4.3.2020.... पृष्ठ सं......2...... कॉलम.....4-6.....

# विद्यार्थियों को दी कृषि संबंधी कोर्सों की जानकारी

हिसार, 3 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर में एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. के.पी. सिंह व निदेशक अनुसंधान डा. एस.के. सहरावत के मार्गदर्शन में राजकीय कृषि उच्चतर शिक्षा प्रयोजना के अंतर्गत किया गया। इसके अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित विभिन्न कोर्सों की जानकारी दी गई और इससे संबंधित शिक्षा को भविष्य में रोजगारोन्मुखी कैसे बनाया जा सकता है, की जानकारी दी। कृषि शिक्षा मेले में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एसोसिएट निदेशक डा. ओमेंद्र सांगवान और नोडल आफिसर डा. सोमबीर निम्बल ने विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को बी.एससी. एग्रीकल्चर, बी.एससी. आनर्स एग्रीकल्चर, बी.टैक. एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग तथा बी.एससी. आनर्स कम्युनिटी साइंस में करियर चुनने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कामन एंट्रैंस एग्जाम) द्वारा विद्यार्थी इन कोर्सों में दाखिला पा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर नैशनल टैस्टिंग एजैंसी द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसके आवेदन फार्म उपलब्ध हैं।



*कृषि शिक्षा मेले में उपस्थित अधिकारी व विद्यार्थी।*

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण
दिनांक: 4.3.2020 पृष्ठ सं: 15 कॉलम: 2-3

# कृषि-शिक्षा मेले में 200 छात्रों को बताए कृषि से जुड़े पाठ्यक्रम

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर में एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन कुलपति प्रो. केपी सिंह व निदेशक अनुसंधान डा. एसके सहरावत के नेतृत्व में राजकीय कृषि उच्चतर शिक्षा प्रयोजना के तहत किया गया।

इसके तहत कक्षा नौ से कक्षा बारह के विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित विभिन्न कोर्सों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इससे संबंधित शिक्षा को भविष्य में रोजगार उन्मुखी कैसे बनाया जा सकता है, इस प्रकार की बारिकी से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कृषि शिक्षा मेले में भाग लिया और जानकारी प्राप्त की।

## विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के दिए टिप्स

इस दौरान एसोसिएट निदेशक डा. ओमेंद्र सांगवान और नोडल ऑफिसर डा. सोमबीर निंबल ने विद्यार्थियों को बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर, बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग तथा बीएससी ऑनर्स कम्युनिटी साइंस में अपने करियर को चुनने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक स्तर पर व राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम) के द्वारा विद्यार्थी इन कोर्सों में दाखिला पा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम) का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए आवेदन फार्म भी उपलब्ध हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ............ अमर उजाला ............
दिनांक 4.3.2020 ............ पृष्ठ सं. 2 ............ कॉलम 3 ............

## कृषि शिक्षा मेले में विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित कोर्सों की दी जानकारी

**हिसार(ब्यूरो)।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) की ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर में एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा नौ से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित विभिन्न कोर्सों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कृषि शिक्षा मेले में भाग लिया।

एसोसिएट निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान और नोडल ऑफिसर डॉ. सोमबीर निंबल ने विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर, बीटेक एग्रीकल्चर इजीनियरिंग व बीएससी ऑनर्स कम्यूनिटी साइंस में अपने करियर को चुनने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक स्तर पर व राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा के द्वारा विद्यार्थी इन कोर्सों में दाखिला पा सकते है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि भूमि........
दिनांक....4.3.2020.... पृष्ठ सं....14.... कॉलम....7-8....

# कृषि संबंधित कोर्सों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यममिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर, हिसार में एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. केपी सिंह व निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत के मार्गदर्शन में राजकीय कृषि उच्चतर शिक्षा प्रयोजना के अन्तर्गत किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा नौ से कक्षा बारह के विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित विभिन्न कोर्सों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कृषि शिक्षा मेले में भाग लिया। इस अवसर पर एसोसिएट निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान और नोडल ऑफिसर डॉ. सोमबीर निंबल ने विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर, बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग तथा बीएससी ऑनर्स कम्युनिटी साइंस में अपने कैरियर को चुनने के बारे में जानकारी दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......सिटी पल्स......

दिनांक...3 : 3 : 2020...... पृष्ठ सं......3...... कॉलम......6 : 8......

# हकृवि द्वारा कृषि शिक्षा मेले का आयोजन



*हिसार। एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेले में उपस्थित अधिकारी व विद्यार्थी।*


**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यममिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर, हिसार में एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. के.पी. सिंह व निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत के मार्गदर्शन में राजकीय कृषि उच्चतर शिक्षा प्रयोजना के अन्तर्गत किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा नौ से कक्षा बारह के विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित विभिन्न कोर्सों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और इससे संबंधित शिक्षा को भविष्य में रोजगार उन्मुखी कैसे बनाया जा सकता है इस प्रकार की बारिकी से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कृषि शिक्षा मेले में भाग लिया।

एसोसिएट निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान और नोडल ऑफिसर डॉ. सोमबीर निंबल ने विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर, बीटेक एग्रीकल्चर ईंजीनियरिंग तथा बीएससी ऑनर्स क युनिटी साइंस में अपने कैरियर को चुनने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक स्तर पर व राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम) के द्वारा विद्यार्थी इन कोर्सों में दाखिला पा सकते है। राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम) का आयोजन किया जाता है जिसके लिए आवेदन फार्म भी उपलब्ध है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........
दिनांक....3. 3. 2020.... पृष्ठ सं.......2....... कॉलम.....2-5.....

# हकृवि द्वारा कृषि शिक्षा मेले का आयोजन



हिसार/03 मार्च/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आर्य नगर में एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा नौ से कक्षा बारह के विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित विभिन्न कोर्सों के बारे में जानकारी दी गई और इससे संबंधित शिक्षा को भविष्य में रोजगार उन्मुखी कैसे बनाया जा सकता है। इस प्रकार की बारिकी से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कृषि शिक्षा मेले में भाग लिया। एसोसिएट निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान और नोडल ऑफिसर डॉ. सोमबीर निंबल ने विद्यार्थियों को बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर, बीटेक एग्रीकल्चर ईजीनियरिंग तथा बीएससी ऑनर्स कम्युनिटी साइंस में अपने करियर को चुनने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक स्तर पर व राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम) के द्वारा विद्यार्थी इन कोर्सों में दाखिला पा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जाम) का आयोजन किया जाता है जिसके लिए आवेदन फार्म भी उपलब्ध हैं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार


समाचार पत्र का नाम ..........हरि. भूमि..........

दिनांक 4. 3. 2020 पृष्ठ सं. 13 कॉलम 6-8

# उत्तम दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी

■ स्वयंसेवकों और वैज्ञानिकों के बीच स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




हिसार। एनएसएस के स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता नरेन्द्र यादव। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिन के वार्षिक शिविर में छटे दिन स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम के पहले सत्र में नेहरू युवा केन्द्र संगठन, हिसार के जिला समन्वयक नरेन्द्र यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में जीवन में अच्छे स्वास्थ्य व उत्तम शिक्षा की महत्ता के बारे में बताते हुए स्वयंसेवकों को उत्तम दिनचर्या को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा ने स्वयंसेवकों को आदर्श विद्यार्थी की विशेषताएं बताते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति की सीख दी। शाम के स्तर में सामान्य अस्पताल हिसार के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सुखबीर वर्मा ने बच्चों को आयुर्वेद का महत्व बताया व इसी के साथ समाजसेवी संजय सुरा ने बच्चों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कृषि महावद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रियंका व गृह वज्ञिान महावद्यालय की डॉ. पारूल भी उपस्थित रहीं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 4.3.2020 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 1

## कोई भी लक्ष्य मुश्किल हो सकता है नामुमकिन नहीं : डॉ. सुरेन्द्र कुमार




हिसार | एचएयू में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में छठे दिन 'स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में वैज्ञानिकों और स्वयंसेवकों के बीच स्वास्थ्य संबंधी विषय पर मंथन किया गया। पहले सत्र में नेहरू युवा केन्द्र संगठन हिसार के जिला समन्वयक नरेन्द्र यादव ने स्वयंसेवकों को उत्तम दिनचर्या को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार पाहुजा ने स्वयंसेवकों को आदर्श विद्यार्थी की विशेषताएं बताते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति की सीख दी। वैज्ञानिक डॉ. आरके गोयल ने गांव शाहपुर की महिलाओं को टमाटर की चटनी एवं पपीते की जैम बनाना सिखाया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.......अमर उजाला.......
दिनांक...4.3.2020... पृष्ठ सं.....6..... कॉलम....1-2....

# स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य की महत्ता के बारे में बताया

हिसार (ब्यूरो)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिन के वार्षिक शिविर में छठे दिन मंगलवार को 'स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के पहले सत्र में नेहरू युवा केन्द्र संगठन, हिसार के जिला समन्वयक नरेंद्र यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में जीवन में अच्छे स्वास्थ्य व उत्तम शिक्षा की महत्ता के बारे में बताते हुए स्वयंसेवकों को उत्तम दिनचर्या को अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र कुमार पाहुजा ने स्वयंसेवकों को आदर्श विद्यार्थी की विशेषताएं बताते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति की सीख दी। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के फल एवं सब्जी विषय के वैज्ञानिक डॉ. आर के गोयल ने गांव शाहपुर की महिलाओं को टमाटर की चटनी एवं पपीते की जैम बनाना सिखाया। शाम के स्तर में सामान्य अस्पताल हिसार के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सुखबीर वर्मा ने बच्चों को आयुर्वेद का महत्व बताया।

इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को विभिन्न फलों के जैविक बागों का भ्रमण करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. भगत सिंह ने सभी गुणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रियंका व गृह विज्ञान महाविद्यालय की डॉ. पारूल भी उपस्थित रहीं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........
दिनांक...4. 3. 2020...... पृष्ठ सं.......15....... कॉलम.......1.......

## स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित शिविर में छठे दिन स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के पहले सत्र में नेहरू युवा केन्द्र संगठन के जिला समन्वयक नरेन्द्र यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। दूसरे सत्र में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. सुरेंद्र कुमार पाहुजा ने आदर्श विद्यार्थी की विशेषताएं बताते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति की सीख दी। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के फल एवं सब्जी विषय के वैज्ञानिक डा. आरके गोयल ने गांव शाहपुर की महिलाओं को टमाटर की चटनी एवं पपीते का जैम बनाना सिखाया। सामान्य अस्पताल के आर्युवेदिक चिकित्सक डा. सुखबीर ने बच्चों को आर्युवेद का महत्व बताया।